डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.**
उत्तर प्रदेश सरकार,
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 017
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः– 226 /अ0छा0कल्य0कार्य0/DSMNRU/2023–24 दिनांक– 26 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/कोर्स कोऑर्डिनेटर
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति से लाभान्वित किये जाने हेतु शैक्षिक सत्र 2023–24 में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में पोर्टल खोला गया है, जिसमे केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति/शुक्लप्रतिपूर्ति की अन्तिम तिथि क्रमशः दिनांकः 31 दिसम्बर, 2023 एवं 10 जनवरी, 2024 निर्धारित की गयी है तथा विश्वविद्यालय पत्रांक सं0: 2006/फा0सं0–178/सेमे0ब्रेक/DSMNRU/2023–24, दिनांकः 23 दिसम्बर, 2023 के माध्यम से विश्वविद्यालय में दिनांकः 26 दिसम्बर, 2023 से दिनांकः 10 जनवरी, 2024 तक शिक्षकवृन्द हेतु सत्रावकाश (शीतकालीन अवकाश) घोषित किया गया है।

विश्वविद्यायल में अध्ययनरत् विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति/शुक्लप्रतिपूर्ति हेतु किये जा रहे आवेदन फार्मों को विभाग स्तर पर अग्रसारित किये जाने हेतु व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें, जिससे की विद्यार्थियों के आवेदन फार्म को ससमय शासन को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा सकें।

(डॉ0 आशुतोष पाण्डेय)
अधिष्ठाता,
छात्र कल्याण

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. मा० कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय।
3. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ0 आशुतोष पाण्डेय)
अधिष्ठाता,
छात्र कल्याण